समाचार

डोर–टू–डोर पहुंचकर बचे हुए लोगों को लगाई जा रही वैक्सीन

(कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 134 टीमों के माध्यम से आज भी चलाया गया वैक्सीनेशन का महाअभियान)

कोरबा 23 अगस्त 2022 – कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 22 अगस्त से प्रारंभ हुए कोविड वेक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे दिन आज पुनः वैक्सीनेशन टीमों ने डोर–टू–डोर पहुंचकर वैक्सीन की विभिन्न खुराकों से बचे हुए लोगों को वैक्सीन लगाई, निगम के सभी 67 वार्डो के लिए तैनात की गई 134 टीमों के सदस्यों ने पूरे दिन बिना रूके वार्ड एवं बस्तियों का भ्रमण करते हुए वैक्सीनेशन का कार्य सम्पन्न कराया। कल 24 एवं 25 अगस्त को भी वैक्सीनेशन का यह महाअभियान जारी रहेगा।

कलेक्टर श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की देखरेख में 22 अगस्त से 25 अगस्त तक नगर निगम क्षेत्र कोरबा क्षेत्र के सभी वार्ड एवं बस्तियों में 04 दिवसीय वैक्सीनेशन का महाअभियान संचालित किया जा रहा है, आज भी यह अभियान जारी रहा। निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डो हेतु 02–02 टीमें तैनात की गई हैं, टीम में शामिल नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिनों ने घर–घर पहुंचकर आज भी वैक्सीनेशन का कार्य सम्पन्न कराया तथा वैक्सीन की विभिन्न खुराकों को लगवाने से बचे हुए लोगों को पात्रतानुसार वैक्सीन लगाई।

वार्डो में सक्रिय रहे पार्षदगण – संचालित किए जा रहे वैक्सीनेशन के इस महाअभियान में नगर निगम कोरबा के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण अपना पूरा–पूरा सहयोग दे रहे हैं। आज भी वार्ड पार्षदों ने अपने–अपने वार्डो का भ्रमण कर वैक्सीन की विभिन्न खुराकों से छूटे हुए लोगों चिन्हाकंन करते हुए उन्हे वैक्सीन की सभी खुराकें पात्रतानुसार लगवाने हेतु प्रोत्साहित किया।

अनिवार्य रूप से लगवाएं वैक्सीन की सभी डोज – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा एवं निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए आवश्यक है कि वैक्सीन की सभी तीन खुराकें अनिवार्य रूप से लगवाई जाए। जिला प्रशासन द्वारा 04 दिवसीय वैक्सीनेशन महाअभियान चलाकर निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है, अतः इसका लाभ उठाएं तथा पात्रतानुसार वैक्सीन की सभी खुराकें अवश्य लगवाएं।